# कैसे करूँ धन्यवाद मावड़ी रानी सती दादी भजन

कैसे करूँ धन्यवाद मावड़ी,
तूने इतना दिया है,
मुझे प्यार मावड़ी,
कैसे करूं धन्यवाद मावड़ी।**bd**।

तर्ज – किसने किया श्रृंगार मावड़ी।

---

सोचा ना समझा था मैंने,
तूने इतना दिया है,
दर दर की मैंने ठोकर खाई,
तूने थाम लिया है,
मैं तो तेरी हुई हूँ,
कर्ज़दार मावड़ी,
कैसे करूं धन्यवाद मावड़ी।**bd**।

---

अपनों के तानो को सुनकर,
मैं तो टूट गई थी,
हार गई थी बिखर गई थी,
खुद से रूठ गई थी,
फिर तूने लिया है,
सम्भाल मावड़ी,
कैसे करूं धन्यवाद मावड़ी।**bd**।

---

'गंगा' ने जिस दिन से तुझको,
अपना मान लिया है,
अपना सारा जीवन तेरे,
चरणों में सौंप दिया है,
यूँ ही सिर पे तू रखना,
अपना हाथ मावड़ी,
कैसे करूं धन्यवाद मावड़ी।**bd**।

---

कैसे करूँ धन्यवाद मावड़ी,
तूने इतना दिया है,
मुझे प्यार मावड़ी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com